

# अष्टादश बिहार विधान सभा

## द्वितीय सत्र

## दैनिक विवरणिका

**संख्या–01** **सोमवार, दिनांक–02 फरवरी, 2026 ई०।**

**माननीय अध्यक्ष डॉ० प्रेम कुमार की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही राष्ट्रगान के साथ प्रारंभ हुई।**

**समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न से 12:21 बजे अप० तक।**

**[1] अध्यक्ष द्वारा प्रारम्भिक सम्बोधन** :– (यथा संलग्न)

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन को सूचित किया गया कि दोनों सदन के सदस्यों के सह–समवेत उपस्थिति में माननीय राज्यपाल महोदय का अभिभाषण विस्तारित भवन के सेन्ट्रल हॉल में होगा। माननीय राज्यपाल महोदय का स्वागत करने और उन्हें सेन्ट्रल हॉल तक लाने वह विस्तारित भवन के मुख्य प्रवेश द्वार पर जायेंगे। माननीय मुख्यमंत्री और माननीय मंत्री, संसदीय कार्य विभाग भी इस हेतु निर्धारित स्थल पर आयेंगे। इस बीच उन्होंने सभी माननीय सदस्यों से सेन्ट्रल हॉल में अपना–अपना स्थान ग्रहण करने एवं माननीय राज्यपाल के अभिभाषण की समाप्ति के पश्चात पुनः सभावेश्म में अपना–अपना स्थान ग्रहण कर लेने का आग्रह किया।

इसके उपरान्त सभा की कार्यवाही सेन्ट्रल हॉल में हुई। एक औपचारिक शोभा यात्रा के साथ माननीय राज्यपाल सेन्ट्रल हॉल में आए। माननीय राज्यपाल के आसन ग्रहण करने के पूर्व राष्ट्रीय धुन बजाया गया। सभा सचिव द्वारा माननीय राज्यपाल से दोनों सदनों के माननीय सदस्यों को सम्बोधित करने का अनुरोध किया गया।

तत्पश्चात् माननीय राज्यपाल ने दोनों सदनों के सदस्यों को सम्बोधित किया।

माननीय राज्यपाल महोदय के भाषण की समाप्ति के पश्चात् पुनः राष्ट्रीय धुन बजाया गया। इसके उपरांत माननीय अध्यक्ष महोदय तथा माननीय सभापति महोदय, बिहार विधान परिषद्, माननीय मुख्यमंत्री एवं माननीय मंत्री, संसदीय कार्य विभाग शोभा यात्रा के साथ माननीय राज्यपाल महोदय को सेन्ट्रल हॉल से बाहर तक विदा करने गए। माननीय राज्यपाल महोदय को विदा करने के पश्चात् माननीय अध्यक्ष महोदय ने पुनः सभा वेश्म में आसन ग्रहण किया।

**[2] अध्यासी सदस्यों का मनोनयन** :–

माननीय अध्यक्ष महोदय ने अष्टादश बिहार विधान सभा के द्वितीय सत्र के लिए निम्नांकित माननीय सभासदों को अध्यासी सदस्य मनोनीत किया :–

i. श्री राम नारायण मंडल, स०वि०स०
ii. श्री रत्नेश सादा, स०वि०स०
iii. श्री आलोक कुमार मेहता, स०वि०स०
iv. श्रीमती ज्योति देवी, स०वि०स०

**[3] कार्यमंत्रणा समिति का गठन :–**

माननीय अध्यक्ष महोदय ने अष्टादश बिहार विधान सभा के द्वितीय सत्र के लिए निम्न प्रकार कार्यमंत्रणा समिति का गठन किया :–

| | | |
|---|---|---|
| i. | अध्यक्ष, बिहार विधान सभा | सभापति |
| ii. | श्री नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री | सदस्य |
| iii. | श्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री | सदस्य |
| iv. | श्री विजय कुमार सिन्हा, उप मुख्यमंत्री | सदस्य |
| v. | श्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री, संसदीय कार्य | सदस्य |
| vi. | श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, मंत्री, ऊर्जा | सदस्य |
| vii. | श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, नेता विरोधी दल | सदस्य |
| viii. | श्री राजू तिवारी, स०वि०स० | सदस्य |

**विशेष आमंत्रित सदस्य**

(i) उपाध्यक्ष, बिहार विधान सभा
(ii) श्री श्रवण कुमार, मंत्री, ग्रामीण विकास
(iii) श्री विनोद नारायण झा, स०वि०स०
(iv) श्री मनोहर प्रसाद सिंह, स०वि०स०
(v) श्री अखतरूल ईमान, स०वि०स०
(vi) श्रीमती ज्योति देवी, स०वि०स०
(vii) श्री माधव आनंद, स०वि०स०
(viii) श्री अरूण सिंह, स०वि०स०
(ix) श्री अजय कुमार, स०वि०स०
(x) श्री इंद्रजीत प्रसाद गुप्ता, स०वि०स०
(xi) श्री सतीश कुमार सिंह यादव, स०वि०स०

नियमानुसार अध्यक्ष, इस समिति के सभापति एवं सभा सचिव इसके सचिव होंगे।

**[4] अनुमत विधेयकों के विवरण का सभा पटल पर रखा जाना:–**

सभा सचिव द्वारा बिहार विधान सभा में उदभूत तथा बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों द्वारा यथापारित विधेयकों का विवरण, जिसपर माननीय राष्ट्रपति एवं माननीय राज्यपाल द्वारा भारत के संविधान के अधीन अनुमति प्रदान की गयी है तथा इसकी सूचना अष्टादश बिहार विधान सभा के प्रथम सत्र की समाप्ति के पश्चात् प्राप्त हुई, को सदन पटल पर रखा गया :–

**(क) माननीय राष्ट्रपति द्वारा अनुमत विधेयक का विवरण**

कारखाना (बिहार संशोधन) विधेयक, 2025 पर माननीय राष्ट्रपति द्वारा दिनांक–17 नवंबर, 2025 को अनुमति प्रदान की गई परन्तु मूल अधिनियम (कारखाना अधिनियम, 1948) दिनांक–21 नवंबर, 2025 को निरस्त हो जाने के कारण प्राप्त विधिक मन्तव्य के आलोक में कारखाना (बिहार संशोधन) विधेयक, 2025 अधिनियमित नहीं हुआ।

**(ख) माननीय राज्यपाल द्वारा अनुमत विधेयक का विवरण**

| क्रमांक | विधयक का नाम | अनुमति की तिथि |
|---|---|---|
| 1. | बिहार विनियोग (संख्या–4) विधेयक, 2025 | 11.12.2025 |

**[5] आर्थिक सर्वेक्षण का उपस्थापन :–**

माननीय मंत्री, वित्त विभाग, श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा वर्ष 2025–26 के आर्थिक सर्वेक्षण की प्रति को सदन पटल पर रखा गया।

**[6] शोक प्रकाश :–**

माननीय अध्यक्ष महोदय ने निम्नांकित जननायकों के निधन पर शोक प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की चिर शांति एवं शोकाकुल परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की।

i. स्व० अशोक कुमार चौधरी, पूर्व स०वि०स०

ii. स्व० राजनीति प्रसाद, पूर्व सदस्य, राज्य सभा

iii. स्व० वीणा वादिनी पाण्डेय, पूर्व स०वि०स०

तदुपरांत सभी माननीय सदस्यों ने एक मिनट मौन खड़े होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया।

माननीय अध्यक्ष महोदय ने निदेश दिया कि शोक संवेदना संबंधित शोकाकुल परिवारों के पास उनके एवं सदन की ओर से भेज दिया जाय।

तत्पश्चात् सभा की बैठक मंगलवार, दिनांक–03 फरवरी, 2026 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई।

पटना
दिनांक–02.02.2026

**ख्याति सिंह**
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना।